आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 03.01.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, बेंगलुरु में निमहांस के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में भू कानून लाकर जमीन का दुरुप्रयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सेतु आयोग को हिमालयी क्षेत्रों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार करने पर बल दिया।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर प्रदेशभर में उत्साह, अल्मोड़ा में मशाल रैली का भव्य स्वागत।

राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बेंगलुरु में, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान– निमहांस के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने एक नए मनोचिकित्सा ब्लॉक, केंद्रीय प्रयोगशाला परिसर और छात्रावास भवन का उद्‌घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं हर एक क्षेत्र में आगे बढ रही हैं और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए निमहंस को बधाई दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने स्ट्रोक के इलाज, आत्महत्याओं को रोकने और मादक द्रव्यों के सेवन से पीड़ित लोगों की मदद करने में निमहंस के योगदान की सराहना की।

विकास मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में शीघ्र ही सख्त भू कानून लाकर जमीन का दुरुप्रयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने आज टिहरी जिले में कीर्ति नगर विकास खंड के मलेथा में वीर शिरोमणि माधोसिंह भंडारी की स्मृति में आयोजित राजकीय औद्योगिक कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता कानून बनाने का काम भी प्रदेश सरकार ने किया है मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामान्य मेला नहीं, बल्कि एक विशेष त्योहार है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर को जीवित रखने का काम कर रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मलेथा चौराहे का नाम वीर शिरोमणि माधोसिंह भण्डारी के नाम करने, मेला स्थल का विस्तारीकरण करने और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिल्काखाल के भवन निर्माण सहित कई अन्य घोषणा भी की।

ट्यूलिप रोपण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास परिसर में अपने पारिवारिक के सदस्यों के साथ विभिन्न प्रजातियों के ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में फूलों की बहुत अधिक मांग बनी रहती है, जिससे प्रदेश में भी पुष्प उत्पादन से स्वरोजगार अर्जित करने की बहुत अधिक संभावना है। इसलिए किसानों को परंपरागत खेती के साथ–साथ पुष्प उत्पादन की व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

गैस गोदाम सीज

देहरादून जिला प्रशासन की टीम ने आज रायपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गैस गोदाम को सीज कर दिया। गैस गोदाम लीज़ समाप्त होने के बाद भी वर्षों से संचालित किया जा रहा था। गौरतलब है कि जिलाधिकारी सविन बंसल के जनता दर्शन कार्यक्रम में गढीकैंट निवासी 95 वर्षीय महिला ने उनकी भूमि पर अवैध रूप से गैस गोदाम के संचालित होने और भूमि कब्जे की शिकायत की थी। मामला संज्ञान में आते ही जिलाधिकारी ने अवैध गैस गोदाम का लाईसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही इसकी जांच कराने के बाद आज यह कार्रवाई की गई।

आपदा

नए साल के आगमन के साथ ही उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने नए स्तर से आपदा से बचाव और आपदा से होने वाले नुकसान को कम से कम करने की तैयारी शुरू कर दी है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि विभाग की ओर से अर्ली वारनिंग सिस्टम को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। साथ ही अब कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया

कि आपदा से बचाव और अन्य कार्यों को लेकर प्रदेश के सभी जिलों और विभाग को 487 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है।

## राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने सेतु आयोग को विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्रों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार करने पर बल दिया है। आज राजभवन देहरादून में सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को सेतु आयोग द्वारा वर्तमान में किए जा रहे क्रियाकलापों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के विकास के लिए आयोग की प्राथमिकताओं, नवीन योजनाओं और परियोजनाओं की प्रगति से राज्यपाल को अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए सेतु आयोग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने आयोग के उपाध्यक्ष  को राज्य की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी दिए। इस दौरान दोनों के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर चर्चा भी हुई।

## शुभंकर मौली

38वें राष्ट्रीय खेलों का व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार के लिए शुभंकर मौली के साथ बागेश्वर पहुंचे तीन प्रचार रथ, जिन्हें जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ आज से पांच जनवरी तक जिले के तीनों विकासखंडों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए प्रेरित करने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों से राष्ट्रीय खेलों से जुड़ने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश को राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी मिलने से यहां के युवा खिलाड़ियों को सीखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी से राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत होने जा रही है। खेलों में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के लिए यह अवसर बेहतरीन है।

## मशाल रैली

वहीं, 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल रैली का आज अल्मोड़ा पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ढोल दमाऊ की थाप व छोलिया नृतकों की रंगारंग प्रस्तुति के बीच मशाल रैली को पूरे बाजार में घुमाया गया। रैली में नगर के सभी स्कूलों के छात्र–छात्राओं और नागरिकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या ने कहा यह बहुत गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता अल्मोड़ा में होगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रशासन और खेल विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।

## निर्माण कार्य निरीक्षण

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कौंडे ने गौरीकुंड से केदारनाथ तक पैदल चलकर यात्रा मार्ग और धाम में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आगामी केदारनाथ यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा मार्ग और धाम में चल रहे निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और खानपान का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने विषम कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे श्रमिकों से बातचीत करते हुए उनकी हौंसला अफजाई की। केदारनाथ धाम से लेकर केदारनाथ यात्रा मार्ग में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्रता से कराने के लिए लगभग 250 श्रमिक कार्य कर रहे हैं।

## गणतंत्र दिवस एनसीसी

गणतंत्र दिवस शिविर 2025 में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाली नौ सौ 17 बालिका कैडेटों सहित दो हजार तीन सौ से अधिक कैडेट भाग लेंगे। नई दिल्ली में आज आकाशवाणी से विशेष बातचीत करते हुए एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह ने कहा कि इस सिलसिले में आयोजित होने वाले शिविर का औपचारिक उद्घाटन 5 जनवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करेंगे।